Govt. College Kullu (H.P.)
College Activity

Sr. No.	Particular	Remarks
1	Date/दिनांक	10-06-2026
2	Name of Activity/	**Motivation Lecture by 84 Armed Regiment**
3	Name of Unit	NCC Air Wing, NCC Army wing
4	Name of Collaborating Agency	84 Armoured Regiment, Indian Army
5	No.of Student Participants	60
6	No.of Teacher Participants	1
7	Brief Report संक्षिप्त प्रतिवेदन	**सेना में अधिकारी कैसे बनें, सिखाईं बारीकियां** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में बुधवार को 84 आर्म्ड रेजिमेंट की टीम को सम्मानित करते एनसीसी के अधिकारी। -संवाद **कुल्लू कॉलेज में कैडेट्स का सेना के अधिकारियों ने किया मार्गदर्शन** **संवाद न्यूज एजेंसी** कुल्लू। भारतीय सेना में ऑफिसर कैसे बनें और देश की सेवा का कर्तव्य कैसे निभाएं। इस महत्वपूर्ण विषय पर एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स को तमाम बारीकियां सिखाई गईं। राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में बुधवार को 84 आर्म्ड रेजिमेंट की टीम आई। टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे मेजर मनीष और लेफ्टिनेंट नीरज तिवारी ने कैडेट्स का मार्गदर्शन किया और उनके सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। मेजर मनीष और लेफ्टिनेंट नीरज तिवारी ने कहा कि 84 आर्मर्ड रेजिमेंट भारतीय सेना की एक प्रतिष्ठित बख्तरबंद रेजिमेंट है, जिसका गठन 1976 में हुआ था। इसके बाद से रेजिमेंट निरंतर देश सेवा के कार्य में अग्रसर हैं। उन्होंने कैडेट्स को सेना की भर्ती प्रक्रिया, दिनचर्या और अन्य गतिविधियों से अवगत करवाया। वहीं, एनसीसी एयर विंग के एएनओ फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा ने कहा कि 84 आर्म्ड रेजिमेंट की टीम महविद्यालय कुल्लू आई और कैडेट्स का मार्गदर्शन कर उन्हें सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए अग्रसर रहने का संदेश दिया। टीम ने कैडेट्स को सेना के बारे में जानकारी दी और उन्हें यह बताया कि वे अधिकारी के तौर पर सेना में कैसे शामिल हो सकते हैं। इसमें कुल 60 कैडेट्स उपस्थित रहे। उधर, प्राचार्य राकेश राणा ने कहा कि कैडेट्स के लिए इस तरह का अनुभव बहुत जरूरी है। इससे कैडेट्स का मनोबल बढ़ेगा और वे देश सेवा के लिए प्रेरित होंगे।

		GPS Map Camera Google Kullu, Himachal Pradesh, India 147/9, College Rd, Lanka Bekar, Dhalpur, Kullu, Himachal Pradesh 175101, India Lat 31.953233° Long 77.1114° Wednesday, 10/06/2026 11:26 AM GMT +05:30 ROLE OF THE INDIAN ARMY

NCC Incharge

IQAC

Principal

Principal Govt. College Kullu (H.P.)

Govt. College Kullu(H.P)